PEACE PROPOSAL



(From left) Vishesh Gupta, chairperson of Bharat Soka Gakkai, and general Shankar Roy Chowdhury, former Chief of Army Staff, at a symposium titled Universal Respect for Human Dignity: The Great Path to Peace organised by BSG in Kolkata on Friday. RAMKRISHNA SAMANTA

दैनिक जागरण कोलकाता, 20 अगस्त 2016

'संवाद ला सकता है बदलाव'

परिचर्चा सभा में बोलते अत्रि भट्टाचार्य।

जागरण संवाददाता, कोलकाता : सोका गकाई इंटरनेशनल (एसजीआइ) की भारतीय शाखा भारत सोका गकाई (बीएसजी) की ओर से शुक्रवार को कला कुंज में 'यूनिवर्सल रिस्पेक्ट फॉर ह्यूमन डिग्निटी : द ग्रेट पथ टू पीस' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। एसजीआइ अध्यक्ष दाइसाकू इकेदा के पीस प्रॉपोजल, 2016 पर आधारित इस परिचर्चा में पश्चिम बंगाल के सूचना व सांस्कृतिक विभाग के प्रधान सचिव अत्रि भट्टाचार्य, फ्यूचर होप की सीईओ सुजाता सेन, प्रसिद्ध कार्डिएक सर्जन कुणाल सरकार, आर्मी स्टाफ के पूर्व प्रमुख व राज्यसभा के पूर्व सदस्य जनरल शंकर राय चौधरी, भारत सोका गोकाई के चेयरपर्सन विशेष गुप्ता तथा राशि अहूजा ने अपने विचार व्यक्त किए। अत्रि भट्टाचार्य ने विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी को शांति चाहिए। इस परिप्रेक्ष्य में उन्होंने धार्मिक भाव को भी प्रकट करने का प्रयास किया। उन्होंने उक्त विषय पर युवा पीढ़ी को सीख लेने की जरूरत बताई।

वहीं सुजाता सेन ने बदलाव के लिए संवाद को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि संवाद परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। विशेष गुप्ता ने इकेदा के प्रस्ताव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इकेदा ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि प्रतिष्ठा के सिद्धांत एवं जीवन की निर्मलता पर प्रत्येक और सभी व्यक्ति प्रतिबद्ध हों तो धरती गरीबी से मुक्ति हो जाएगी। इस तरह अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।